AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लविवि : स्थापना दिवस पर सम्मानित होंगे छह पूर्व छात्र

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय 25 नवंबर को 104 वर्षों का सफर पूरा कर रहा है। इस अवसर पर विवि अपने छह पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित करेगा। ये छात्र इस समय कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें शिक्षाविद, न्यायाधीश, वैज्ञानिक, प्रशासनिक अधिकारी और संपादक शामिल हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि लविवि का इतिहास गौरवशाली रहा है। यहां से पढ़े छात्र-छात्राएं अपने कुशल अनुभव और ज्ञान से देश-विदेश में ख्याति बटोर रहे हैं। ऐसे एलुमिनाई को स्थापना दिवस पर सम्मानित कर विवि का गौरव बढ़ेगा।

ये पूर्व छात्र होंगे सम्मानित

प्रो. प्रमोद टंडन
2009 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित। वे नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेस के मानद वैज्ञानिक और नॉर्थ-ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी शिलांग के पूर्व कुलपति भी रहे हैं। उन्होंने लविवि से वनस्पति विज्ञान में बीएससी (1969) और एमएससी (1971) की पढ़ाई की है।

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान
2019 से इलाहाबाद में न्यायाधीश हैं। उन्होंने लखनऊ विवि से बीकॉम (1985) और एलएलबी (1988) किया था।

धनंजय सिंह
वर्तमान में मर्क लाइफ साइंस, भारत के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने लविवि से इतिहास में बीए और समग्र इतिहास में एमए किया है।

लीना जौहरी, आईएएस
वे राज्य सरकार में स्टांप एवं पंजीकरण तथा महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव हैं। उन्होंने लविवि से इतिहास में बीए और समग्र इतिहास में एमए किया है।

अजय सिंह
वर्तमान में राष्ट्रपति के प्रेस सचिव के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से बीकॉम की डिग्री प्राप्त की है।

मुकेश शर्मा
बीबीसी न्यूज के वरिष्ठ संपादक हैं। लविवि के कला संकाय से मानव विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास और समाजशास्त्र में 1999 में स्नातक किया है।

सेमिनार, वाद-विवाद और निबंध समेत हुईं खेलकूद प्रतियोगिताएं

लखनऊ। लविवि में स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत खादी और ग्रामोद्योग आयोग की ओर से सेमिनार, वाद-विवाद व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता आयोग के निदेशक डॉ. नितेश धवन ने छात्रों को आयोग के गठन व एमएसएमई और खादी ग्रामोद्योग आयोग योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कुलपति प्रो. आलोक राय, संयोजक विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी व प्रवीण अनंद मौजूद रहे। दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का भी आगाज हुआ। मुख्य परिसर में वॉलीबॉल, फुटबॉल जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें कई टीमों से विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। वाणिज्य विभाग में वाद-विवाद में वैभव, इशिता और डियल श्रीवास्तव ने क्रमशः पहला दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। निबंध में शकलैन, मोनिका यादव व हिमांशी रावत विजेता रहे। (संवाद)

याद आए पुराने दिन, ताजा हुईं विभाग की स्मृतियां

लखनऊ। लखनऊ विवि के बायो केमिस्ट्री विभाग में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर एमएससी बायोकेमिस्ट्री के 1974 बैच का पूर्व छात्र मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम में आए पूर्व छात्रों ने विभाग से जुड़े अपने 50 वर्ष पुराने अनुभव साझा किए। उन्होंने अपने सिखों से लेकर दोस्तों के साथ बिताए पल साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी पूर्व छात्रों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एलुमिनाई वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के बीच एक सेतु का काम करते हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर कुमार, पूर्व हेड प्रो. जीजी सनवाल, प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना व प्रो. मिथलेश मिश्रा शामिल रहे। वहीं पूर्व छात्रों में अमेरिका से अनिल जायसवाल, मोहम्मद इशाक, रेणु कोवलूरु और शिव श्रीवास्तव आदि शामिल रहे। भारत से अमिता गुप्ता, सीपी अग्रसी, केएल पांडेय, रेबेका अब्राहम, जेके सक्सेना, कमल जैन और रंजना नागर की भी मौजूदगी रही। (संवाद)

महाकुंभ 2025: स्वच्छता को लेकर शिक्षा संकाय ने शुरू किया एक थाली और एक थैला अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में बुधवार से नेशनल इनवायरमेंट यूथ पार्लियामेंट (एनवाईपी-2025) के पर्यावरण संरक्षण गतिविधि (पीएससी) एवं स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) के तहत पर्यावरण संरक्षण पर दो दिवसीय डिबेट कंपटीशन का आयोजन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम संयोजक डॉ. हेमेंद्र कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवर्तन करते हुए किया। इसके पश्चात विभागाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार, डॉ हेमेंद्र कुमार सिंह और निर्णायक मंडल में शामिल संयोजक प्रो. रीना अग्रवाल (शिक्षाशास्त्र विभाग) एवं निर्णायक मण्डल के सदस्य प्रो. अमृता श्रीवास्तव (स्नातकोत्तर विभाग), प्रो. राहुल पांडेय(हिन्दी विभाग), डॉ. फैजल एहसान हाशमी द्वारा संयुक्त रूप से ज्ञान का दीप प्रज्वलित किया गया। इसके पश्चात प्रकृति द्वारा प्रदत्त पुष्पगुच्छ देकर अतिथियन का स्वागत किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. हेमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता लाने हेतु जल, जमीन, जंगल, जानवर, जन विषय पर दो दिन मंथन किया जाएगा। जिसमें कार्यक्रम के प्रथम दिन आज जल और जमीन विषय पर प्रतिभागियों द्वारा उनके विचार प्रस्तुत किए जाएंगे। डीकंट सिंह द्वारा इस बात पर प्रकाश डाला गया कि महाकुंभ में जमीनी स्तर पर क्या किया जाए की पर्यावरण में प्रदूषण और कचरा न फैले क्योंकि महाकुंभ में 45 दिनों में 45 करोड़ श्रद्धालु भाग लेंगे जिससे 45 करोड़ टन कचरा उत्पन्न होने का अनुमान है। उन्होंने एक थाली और एक थैला अभियान की शुरूआत करते हुए माँ त्रिवेणी के स्वच्छता का आह्वान करते हुए प्रदूषण मुक्त-हरित कुम्भ का संकल्प कराया।

विभागाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार ने पर्यावरण शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी महसूस करने की बात कही। डा. राहुल पांडे ने प्रतियोगिता के मूल्यांकन का आधार बताया, जिसमें विषय वस्तु, समयबद्धता, भाषा, संचार कौशल और संपूर्ण प्रस्तुतीकरण आदि को आधार बनाया जाएगा।

डिबेट में निलेश, आकाश, अनामिका, साक्षी यादव, सलोनी मौर्य, आकांक्षा सूर्यवंशी, मेघना शुक्ला, आलोक द्विवेदी, अजीत कुमार शुक्ला, ब्यूटी पांडे, जाह्नवी, रोमा, आदर्श कुमार सिंह, शगुफ्ता वानो आदि ने अपनी बात रखी। इस दौरान विभाग के शोध छात्र अभिषेक श्रीवास्तव बाबू, सतीश गुप्ता, अनुक्ता कृति, शिवांगी पांडेय, मेघा, निदा, अनु, सुभद्रा, वैभव शर्मा, मुकेश मौर्य, राहुल यादव, सिद्धार्थ कुमार, कविता, दिव्यानी, प्रियांशु असेन, आलोक द्विवेदी सहित सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि में एक थाली व एक थैला अभियान की शुरुआत

लखनऊ (एसएनबी)। जल और जमीन विषय पर दो दिवसीय डिबेट कंपटीशन का आयोजन बुधवार को शिक्षा शास्त्र विभाग के ऑडिटोरियम में किया गया, जिसका प्रमुख उद्देश्य प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता और सचेतना पैदा करना है।

लविवि में पर्यावरण संरक्षण पर दो दिवसीय डिबेट कंपटीशन का आयोजन

विभागाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार, डा. हेमेंद्र कुमार सिंह, रीना अग्रवाल, अमृता श्रीवास्तव, डा. राहुल पांडेय व डा. फैजल एहसान हाशमी ने दीप जलाकर तथा माँ सरस्वती को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम संयोजक डा. हेमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता लाने के लिए जल, जमीन, जंगल, जानवर, जन विषय पर दो दिन मंथन किया जाएगा, जिनमें पहले दिन जल और जमीन विषय पर प्रतिभागियों ने बातें रखी। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में जमीनी स्तर पर क्या किया जाए कि पर्यावरण में प्रदूषण और कचरा न फैले, क्योंकि महाकुंभ में 45 दिनों में 45 करोड़ श्रद्धालु भाग लेंगे जिससे 45 करोड़ टन कचरा उत्पन्न होने का अनुमान है। उन्होंने एक थाली और एक थैला अभियान की शुरूआत करते हुए माँ त्रिवेणी के स्वच्छता का आह्वान करते हुए प्रदूषण मुक्त-हरित कुम्भ का संकल्प कराया।

लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

विधि छात्रों ने लगाया शिविर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की संस्था विधिक सहायता केंद्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला कारागार में विधिक सहायता व साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम चरण में विधिक सहायता केंद्र के सदस्यों ने जेल के सर्कल में अंदर भोजनालय, मेडिकल रूम, कॉमन हॉल, बॉथरूम आदि कि भ्रमण किया। इसके पश्चात जिला कारागार के ऋत्विक प्रियदर्शी ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और जेल के अंदर हो रही कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। दूसरे चरण में टीम ने वहां उपस्थित लोगों के लिए विधिक साक्षरता एवं सहायता शिविर का आयोजन किया।

लविवि में 30 तक आवेदन कर सकते हैं छात्र

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं अब 30 नवंबर तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। बीएएमएस और बीयूएमएस के नियमित, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट और एक्सेम्प्टेड परीक्षा 2024 के ऑनलाइन फॉर्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 30 नवंबर तक भर सकते हैं।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि के 104वें स्थापना दिवस पर होगा पूर्व छात्रों का सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय 25 नवंबर को एक भव्य समारोह के माध्यम से अपने प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों का सम्मान करते हुए अपना 104वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। यह आयोजन विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता और विरासत को उजागर करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में इन पूर्व छात्रों के महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करेगा। इस अवसर पर निम्नलिखित विशिष्ट पूर्व छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

प्रो. प्रमोद टंडन: पद्म श्री पुरस्कार विजेता (2009), नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज, भारत के मानद वैज्ञानिक, और नॉर्थ-ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, शिलांग के पूर्व कुलपति। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से वनस्पति विज्ञान में बीएससी (1969) और एमएससी (1971) की पढ़ाई की है।

धनंजय सिंह: वर्तमान में मर्क लाइफ साइंस, भारत के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से बायोकैमिस्ट्री में एमएससी (1994) और मार्केटिंग में एमबीए (1996) की पढ़ाई की है।

मुकेश शर्मा: वर्तमान में बीबीसी न्यूज के वरिष्ठ संपादक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय के कला संकाय से मानव विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास



और समाजशास्त्र (1999) में स्नातक किया है।

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान: 2019 से इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से बीकॉम (1985) और एलएलबी (1988) की डिग्री प्राप्त की है।

लीना जौहरी (आईएएस): उत्तर प्रदेश सरकार में स्टांप एवं पंजीकरण तथा महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से 1991 में इतिहास में बीए और समग्र इतिहास में एमए (स्वर्णपदक विजेता) किया थी।

अजय सिंह: वर्तमान में भारत के राष्ट्रपति के प्रेस सचिव के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से 1981 में बीकॉम की डिग्री प्राप्त की थी। यह समारोह विश्वविद्यालय की गरिमा और इन पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक अनूठा अवसर होगा।

HINDUSTAN PAGE 7

तैयारी | लखनऊ विश्वविद्यालय में 25 नवंबर को मनाया जाएगा 104वां स्थापना दिवस, विश्वविद्यालय में इस अवसर पर आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रम

एलयू के स्थापना दिवस पर छह पूर्व छात्र होंगे सम्मानित

लखनऊ,संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में 25 नवंबर को होने वाले 104वें स्थापना दिवस में छह पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। जिनके नामों की घोषणा विवि प्रशासन ने कर दी है। विज्ञान, प्रबंधन समेत कई क्षेत्रों में नाम कर चुके लोगों को सम्मान दिया जाएगा।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि सम्मानित होने वाले पूर्व छात्रों में मानद वैज्ञानिक प्रो. प्रमोद टंडन, मर्क लाइफ साइंस के प्रबंध निदेशक धनंजय सिंह, बीबीसी न्यूज के वरिष्ठ संपादक मुकेश शर्मा, न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान समेत अन्य शामिल हैं।

ये पूर्व छात्र किए जाएंगे सम्मानित

- **प्रो. प्रमोद टंडन:** एलयू से 1969 में वनस्पति विज्ञान में बीएससी और 1971 में एमएससी किया। पद्मश्री प्रो. टंडन नॉर्थ-ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति हैं। नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस के मानद वैज्ञानिक हैं।
- **धनंजय सिंह:** एलयू से 1994 में बायोकेमिस्ट्री में एमएससी और 1996 में मार्केटिंग में एमबीए। आज मर्क लाइफ साइंस के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।
- **मुकेश शर्मा:** एलयू के कला संकाय से 1999 में मानव विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास और समाजशास्त्र में वरिष्ठ संपादक हैं।
- **न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान:** एलयू से 1985 में बीकॉम और एलएलबी1988 में किया। 2019 से इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज हैं।
- **लीना जौहरी:** यूपी सरकार में स्टांप एवं पंजीकरण और महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव हैं। एलयू से इतिहास में बीए और समग्र इतिहास में एमए किया है। पीजी में स्वर्ण पदक विजेता भी रही हैं।
- **अजय सिंह:** भारत के राष्ट्रपति के प्रेस सचिव के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने एलयू से बीकॉम किया है।

एलयू के 104वें स्थापना दिवस सप्ताह में खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने लोक शिक्षण कार्यक्रम के तहत समाज कार्य विभाग में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

उद्योगों की रोजगार दिलाने में अहम भूमिका

स्थापना दिवस सप्ताह में खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने लोक शिक्षण कार्यक्रम के तहत समाज कार्य विभाग में सेमिनार, वाद-विवाद और निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने खादी के महत्व पर बात की। कहा कि युवाओं को रोजगार प्रदान करने में लघु और सूक्ष्म उद्योगों की अहम भूमिका है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक डॉ. नितेश धवन ने आयोग, एमएसएमई, खादी और ग्रामोद्योग आयोग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। एलयू में बैडमिंटन प्रतियोगिता भी हुई।

PIONEER PAGE 3

एलयू: चुनौती मूल्यांकन के नतीजे जारी

लखनऊ। एलयू ने एमपीएड द्वितीय, एमए प्रथम, द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की उत्तर पुस्तिकाओं के आधार पर पांच छात्रों के चुनौती मूल्यांकन का परिणाम घोषित कर दिया है। विवि की वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं। इसी तरह बीटेक द्वितीय, एलएलबी ऑनर्स दसवें, एलएलबी प्रथम सेमेस्टर और डीफार्मा प्रथम वर्ष के पांच विद्यार्थियों के भी चुनौती मूल्यांकन का रिजल्ट जारी हुआ है।

प्रैक्टिकल-वायवा परीक्षकों का पंजीकरण शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत प्रैक्टिकल या वायवा के लिए परीक्षकों की पंजीकरण प्रक्रिया आरंभ कर दी है। पोर्टल खोल दिया गया है। एलयू और संबद्ध कॉलेज के पात्र शिक्षक पंजीकरण कर सकेंगे। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि शिक्षकों को विवि की वेबसाइट पर परीक्षा सेक्शन में पंजीकरण के लिए जाना होगा।

एलयू: एक थाली, एक थैला अभियान की शुरुआत

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में नेशनल इनवायरमेंट यूथ पार्लियामेंट के पर्यावरण संरक्षण गतिविधि (पीएससी) और स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट के तहत पर्यावरण संरक्षण पर दो दिवसीय डिबेट हुआ। कार्यक्रम संयोजक डॉ. हेमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एक थाली, एक थैला अभियान की शुरुआत करते हुए मां त्रिवेड़ी की स्वच्छता का आह्वान किया गया।

1974 बैच के पूर्व छात्रों को सम्मानित किया

लखनऊ। एलयू के जैवरसायन विभाग सभागार में एमएससी जैवरसायन 1974 बैच का पूर्व छात्र मिलन समारोह और स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर मेहरोत्रा ने बताया कि समारोह में फेनमेनन-74 नामक स्मारिका का विमोचन हुआ। सभी पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया।

लखनऊ विवि के 104वें स्थापना दिवस पर सम्मानित होंगे छह पूर्व छात्र

फोटो- एलयू फोल्डर में पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

25 नवंबर को प्रस्तावित लखनऊ विश्वविद्यालय के 104वें स्थापना दिवस पर देश व प्रदेश में नाम रौशन कर रहे पूर्व छात्रों को विवि प्रशासन सम्मानित करेगा। स्थापना दिवस पर सम्मानित होने वाले पूर्व छात्रों के नाम बुधवार को विवि की तरफ से घोषित कर दिये गये हैं।

प्रो. (डॉ.) प्रमोद टंडन

पद्मश्री पुरस्कार विजेता

(2009), नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज, भारत के मानद वैज्ञानिक, और नॉर्थ-ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, शिलांग के पूर्व कुलपति। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से वनस्पति विज्ञान में बीएससी (1969) और एमएससी (1971) की पढ़ाई की है।

धनंजय सिंह

वर्तमान में मर्क लाइफ साइंस, भारत के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से बायोकैमिस्ट्री में एमएससी (1994) और मार्केटिंग में एमबीए (1996) की पढ़ाई की है।

मुकेश शर्मा

वर्तमान में बीबीसी न्यूज के वरिष्ठ संपादक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय के कला संकाय से मानव विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास और समाजशास्त्र (1999) में स्नातक किया है।

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान

2019 से इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से बीकॉम (1985) और एलएलबी (1988) की डिग्री प्राप्त की है।

लीना जौहरी (आईएएस)

उत्तर प्रदेश सरकार में स्टांप एवं पंजीकरण तथा महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव हैं। लखनऊ विवि से इतिहास में बीए और समग्र इतिहास में एमए (स्वर्ण पदक विजेता) किया है।

अजय सिंह

वर्तमान में भारत के राष्ट्रपति के प्रेस सचिव के रूप में कार्यरत हैं। लविवि से बीकॉम की डिग्री प्राप्त की है।

स्थापना सप्ताह के अंतर्गत एलयू में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

लखनऊ। लविवि के द्वितीय परिसर में स्थापना दिवस समारोह सप्ताह के तहत आयोजित दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के संकायाध्यक्ष, प्रो. ए.के सिंह द्वारा बैडमिंटन खेलकर किया गया। विवि के खेलकूद परिषद (स्पोर्ट्स काउंसिल) के समन्वयक डॉ. दीपक गुप्ता, ई. रोहित यादव, ई. अवनीश कुमार, डॉ. जीशान अली, डॉ. सिद्धार्थ सिंह, डॉ. कमलेश तिवारी, और डॉ. आर.पी. सिंह सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। पूरे समारोह में विद्यार्थियों का उत्साह और सहभागिता देखते ही बन रही थी। छात्र संचालक के रूप में आदित्य यादव, प्रियांशु शुक्ला, विश्वास यादव, हिमांशु सिंह, आर्यन, यशी लोहुमी, महक मिश्रा एवं अन्य छात्रों का सक्रिय योगदान आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण रहा।

30 तक भरे जाएंगे बीएएमएस और बीयूएमएस के परीक्षा फार्म

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को बी.ए.एम.एस और बी.यू.एम.एस के नियमित, बैक पेपर, इवजेम्प्टेड व इम्प्रूवमेंट परीक्षा के आनलाइन फार्म जारी कर दिए। इन कोर्स के छात्र-छात्राएं 30 नवंबर तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के माध्यम से परीक्षा फार्म भर सकते हैं। उन्हें फार्म भरकर अपने कालेज में ही जमा करना होगा। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने इस संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। कालेजों से कहा गया है कि वे परीक्षा फार्मों को अग्रसारित करते हुए आनलाइन भरे हुए परीक्षा फार्म की सूची तीन दिसंबर तक विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करा दें।

छात्र और छात्राओं ने देखा संग्रहालय व टैगोर लाइब्रेरी

लखनऊ : राजकीय हाईस्कूल फजलनगर ग्रांट, लखीमपुर खीरी के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। भौतिक विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. महेंद्र अग्निहोत्री ने छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने भू-विज्ञान का संग्रहालय, टैगौर लाइब्रेरी, संविधान की प्रति देखी। (जासं)

प्रैक्टिकल व वायवा के लिए परीक्षकों का पंजीकरण शुरू

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने विषम सेमेस्टर परीक्षा के अंतर्गत प्रयोगात्मक एवं वायवा परीक्षा के लिए नियुक्त किए जाने वाले परीक्षकों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध कालेजों के सेल्फ फाइनेंस कोर्स के शिक्षकों को लवि की वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कराना होगा।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि पंजीकरण में परीक्षक बनाए जाने के लिए शिक्षकों को अपना नाम, मोबाइल नंबर, पढ़ाए जाने वाले कोर्स से लेकर ई-मेल, आधार कार्ड सहित सर्विस के बारे में विवरण भरना होगा।

वहीं, दूसरी ओर विश्वविद्यालय ने एम.पीएड दूसरे, एम.ए पहले, दूसरे व चौथे सेमेस्टर की उत्तर पुस्तिकाओं के आधार पर पांच विद्यार्थियों के चुनौती मूल्यांकन के परिणाम जारी किए हैं।

JAGRAN CITY PAGE III

स्थापना दिवस पर प्रतिष्ठित छह पूर्व छात्र होंगे सम्मानित

लखनऊ विश्वविद्यालय ने की प्रमुख पूर्व छात्रों के नाम की घोषणा, समीक्षा बैठक में इन नामों पर लगी मुहर

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय 25 नवंबर को होने वाले अपने 104वें स्थापना दिवस समारोह में इस बार छह प्रतिष्ठित पूर्व छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित करेगा। बुधवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में इन नामों पर मुहर लगा दी गई।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह समारोह विश्वविद्यालय की गरिमा और इन पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक अनूठा अवसर होगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। पूर्व छात्र विश्वविद्यालय में विरासत और अपने दिनों की यादें व अनुभव भी साझा करेंगे।

प्रो. (डा.) प्रमोद टंडन

लवि से 1969 में बी.एससी व 1971 में एम.एससी की। वर्ष 2009 में पद्मश्री पुरस्कार मिला। नार्थ इस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी शिलांग के कुलपति रहे।

धनंजय सिंह

लखनऊ विश्वविद्यालय से बायोकेमिस्ट्री में वर्ष 1994 में एम.एससी और वर्ष 1996 में मार्केटिंग की डिग्री ली। वर्तमान में मर्क लाइफ साइंस, भारत के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

मुकेश शर्मा

लवि के कला संकाय से वर्ष 1999 में मानव विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास और समाजशास्त्र से स्नातक की पढ़ाई की। वर्तमान में एक न्यूज चैनल के वरिष्ठ संपादक के रूप में कार्यरत हैं।

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान

लखनऊ विश्वविद्यालय से वर्ष 1985 में बी.काम किया। फिर वर्ष 1988 में एल.एल.बी की डिग्री प्राप्त की है। वर्ष 2019 से इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं।

लीना जौहरी (आइएएस)

उत्तर प्रदेश सरकार में स्टांप एवं पंजीकरण तथा महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव हैं। उन्होंने लवि से इतिहास में बी.ए किया। 1991 में यहीं से एमए अंग्रेजी में फिर्स्ट की डिग्री ली। एमए में स्वर्ण पदक भी मिला था।

अजय सिंह

वर्तमान में भारत के राष्ट्रपति के प्रेस सचिव के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से 1981 में बी.काम की डिग्री प्राप्त की है।

यहां भी हुई प्रतियोगिता

वाणिज्य विभाग ने वाद-विवाद एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। वाद-विवाद में प्रथम स्थान एम.काम प्रथम सेमेस्टर के वैभव, दूसरा स्थान बी.काम पांचवें सेमेस्टर की इशिता वर्धन को मिला। निबंध लेखन में प्रथम स्थान बी. काम आनर्स पांचवें सेमेस्टर की छात्रा शाकलैन उल्लह खान और दूसरा स्थान मिला।

विधि संकाय में शुरू हुई दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के प्रतिभागी • सौजन्य : लवि

समाज कार्य विभाग में हुई वाद-विवाद व निबंध प्रतियोगिता

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 104वें स्थापना दिवस सप्ताह में बुधवार को समाज कार्य विभाग में खादी और ग्रामोद्योग आयोग की ओर से लोक शिक्षण कार्यक्रम के तहत सेमिनार, वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता हुई। समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक डा. नितेश धवन ने आयोग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।

वैडमिंटन प्रतियोगिता के अगले चरण में कई सफल: दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के संकायाध्यक्ष, प्रो. एके सिंह ने बैडमिंटन खेलकर किया। प्रतियोगिता के पहले दौर में नवीन, प्रशांत, शिवांग, यशी, और कृतिका सहित कई प्रतिभागियों ने अगले चरण के लिए क्वालीफाई किया।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: खादी और ग्रामोद्योग आयोग के द्वारा लोक शिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में सेमिनार, वाद-विवाद व निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

राज्य निदेशक डॉ नितेश धवन की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सेमिनार में प्रवीण अनंद, कुलपति प्रो डॉ. आलोक कुमार राय, समाज कार्य विभाग अध्य